हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025



04 ढोल में सवार होकर भगवान लड्डू गोपाल ने किया अंचल...



07 शिक्षकों के बच्चे ही नहीं दे रहे 11 व 12 की त्रेमासिक...



## खबर संक्षेप

### दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह सितंबर का खाद्यान्न आवंटन

**सीहोर।** दीनदयाल रसोई योजना अतर्गत माह सिंतबर के लिए हितग्राहियो को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी ने सीहोर एवं आष्टा अनुभाग के लिए गेहू 24 किवाटल और चावल 9 किवंटल का आवंटन जारी किया गया है। जारी आवंटन अनुसार अनुविभाग सीहोर को गेंहू 12.00 क्टिल, चावल 3, इसी प्रकार अनुविभाग आष्टा के लिए गेंहू 12.00 किवंटल, चावल 3.00 किवंटल का आवंटन जारी किया गया है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

### पांच साल से किसानों को फसल खराब होने पर नहीं मिली बीमा राशि


# पानी की टंकी पर चढ़े किसान, बीमा क्लेम के लिए बजाई थाली और घंटी

पिछले 11 दिन से अलग-अलग गांव में अलग-अलग दिन में अलग-अलग रंग में आंदोलन प्रदर्शन धरना किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पांच वर्षो से खराब फसल की बीमा राशि का इंतजार कर रहे किसानों का सब्र अब जवाब दे चुका है। किसान बीते 11 दिनों से भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिलों में अलग-अलग गांवों में अलग-अलग ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। कहीं खेतों में धरना दिया गया, कहीं जल सत्याग्रह किया गया, तो कहीं पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाई गई। कलेक्टर से लेकर एसडीएम और तहसीलदार तक को कई बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन किसानों की सुनवाई नहीं हो रही।

परेशान किसानो ने बुधवार को पानी की टंकी पर चढ़ हाथों में खराब फसल लिए थाली ब घंटी बजाकर आक्रोश जताया। 5 वर्ष से खराब फसल की बीमा राशि मांग को लेकर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 11 दिनों से अलग-अलग गांव में अलग-अलग दिन में अलग-अलग रंग में आंदोलन प्रदर्शन धरना किया जा रहा है लेकिन सरकार के कानों तक आवाज नहीं पहुंची तो मजबूर किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर थाली बजाते हुए सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए यह अनोखा आंदोलन किया।



किसानों का कहना है कि हम विगत 11 दिन से भोपाल जिला सीहोर जिला शाजापुर जिला के किसान लोग जल सत्याग्रह कर रहे हैं कहीं पेड़ों पर घंटी बज रहे हैं कहीं खेतों में प्रदर्शन कर रहे है कलेक्टर से लेकर एसडीएम तहसीलदार को ज्ञापन भी दे चुके हैं हर दिन किसी न किसी गांव में हमारा धरना प्रदर्शन जारी है लेकिन किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है। किसानों ने यह निर्णय लिया कि क्यों ना हम पानी की टंकी पर जमीन से जब हमारी आवाज सरकार कानों तक नहीं पहुंच पा रही तो हम आसमान पर पानी की टंकी पर चढ़कर सरकार के कानों तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए घंटी बजाकर सरकार के कानों तक हमारी आवाज पहुंच रहे हैं।

# मंदिर का कहकर निकली वकालत की छात्रा, नदी में कूदकर की जान देने की कोशिश, लोगों ने बचाया



**सीहोर।** जिले में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। शुगर फैक्ट्री क्षेत्र की रहने वाली एक वकालत की छात्रा मंदिर जाने का कहकर घर से निकली, लेकिन मंदिर जाने की बजाय सीवन नदी के चद्दर पुल पर पहुँची और बहते पानी में कूदकर अपनी जान देने का प्रयास किया। सुबह का समय था और नदी का जलस्तर बारिश के कारण तेज बहाव में था। राहगीरों ने देखा कि युवती पानी की धार में उतर रही है। उन्होंने आवाज लगाकर रोकने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थी। हालात देखकर कुछ लोग हिम्मत जुटाकर नदी में कूद पड़े और युवती को पकड़कर बाहर खींच लिया। इस दौरान युवती बार-बार खुद को छुड़ाने का प्रयास करती रही, मगर आखिरकार लोगों की बहादुरी और सूझबूझ से उसकी जान बच गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुँची और युवती को सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि शुगर फैक्ट्री निवासी युवती का नाम गंगा राठौर पिता मनोज राठौर है और वह वकालत की पढ़ाई कर रही है। हालांकि, पिछले वर्ष उसने परीक्षा नहीं दी थी और लंबे समय से मानसिक तनाव में बताई जा रही है। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने कहा कि युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन लोगों की सतर्कता और साहस से उसकी जान बच पाई। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर राहगीर कदम न उठाते तो तेज बहाव में युवती बह सकती थी। इस घटना ने यह साबित किया कि जागरूकता और साहस किसी की जिंदगी बचाने में कितने अहम साबित हो सकते हैं।

# 24 घंटे में 3.4 मिमी बारिश:जिले में पिछले साल से कम वर्षा, सोयाबीन की फसल को बीमारियों का खतरा



**सीहोर।** जिले में पिछले 24 घंटों में 3.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में वर्षा का आंकड़ा अलग-अलग रहा। जावर में सबसे अधिक 11.0 मिमी, इछावर में 7.0 मिमी वर्षा हुई। भैरूंदा और रेहटी में 3.0 मिमी से अधिक, बुधनी में 2.0 मिमी और सीहोर में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

1 जून से अब तक जिले में 859.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में कम है। पिछले साल 948.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। वर्षामापी केंद्रों के अनुसार, बुधनी में सबसे अधिक 1208.5 मिमी और रेहटी में 1110.0 मिमी वर्षा हुई है। वर्तमान में सोयाबीन की फसल फलन और पौध निर्माण की अवस्था में है। किसानों को फसल में पॉड ब्लाईट, कॉलर रॉट और चारकोल रॉट जैसी बीमारियों से सावधान रहने की जरूरत है। कृषि वैज्ञानिकों ने इन बीमारियों से बचाव के लिए विशेष दवाओं के छिड़काव की सलाह दी है। चारकोल रॉट से प्रभावित पौधों की पत्तियां पीली और भूरी हो जाती हैं। इसके नियंत्रण के लिए पायरोक्लोस्ट्रोबीन या कार्बेन्डाजिम का छिड़काव करना चाहिए। पॉड ब्लाईट की रोकथाम के लिए टेब्यूकोनाजोल का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। यह बीमारी लगातार बारिश और अधिक नमी के कारण फैलती है।

# जिला अस्पताल में फिर लापरवाही आई सामने, गेट पर खड़ी एंबुलेंस में ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म




**सीहोर।** जिला अस्पताल में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। आपातकालीन एंबुलेंस 108 से ग्राम मूड़ला की प्रसूता महिला को मंगलवार रात करीब 10 बजे अस्पताल लाया गया, लेकिन अस्पताल के गेट पर पहुंचने के बाद भी काफी देर तक स्टाफ ने प्रसूता का उपचार शुरू नहीं किया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रसूता महिला तो सबके लिए एंबुलेंस में ही तड़पती रहीबताया जाता है कि इलाज के इंतजार में प्रसूता को एंबुलेंस में ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। अस्पताल की उपेक्षा के बीच महिला ने एंबुलेंस में ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। लेकिन इस दौरान भी न तो कोई नर्स और न ही डॉक्टर समय पर एंबुलेंस तक पहुंचे। जानकारी के मुताबिक प्रसूता महिला का नाम ग्राम मूंडला निवासी साजिया पत्नी असलम बताया गया है। गनीमत रही कि बच्चा सुरक्षित पैदा हुआ, लेकिन महिला और परिजन अस्पताल प्रबंधन की इस लापरवाही से बेहद आहत दिखे।

#### बार-बार उजागर हो रही लापरवाही

यह पहला मामला नहीं है जब जिला अस्पताल की खामियां उजागर हुई हैं। खासकर प्रसूता महिलाओं के मामले में स्टाफ अक्सर गंभीरता नहीं दिखाता और मामूली परेशानी पर ही मरीजों को भोपाल रेफर कर दिया जाता है।

#### विधायक भी उठा चुके हैं सवाल

अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर विधायक सुदेश राय कई बार रोगी कल्याण समिति की बैठक में सवाल उठा चुके हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा। हर बार नई लापरवाही सामने आने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है और अस्पताल प्रबंधन के रवैये पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# राजस्व अधिकारी में ई-ऑफिस प्रणाली पर संपादित करें अपने कार्य : कलेक्टर




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने अनुभागवार एवं तहसीलवार सभी राजस्व गतिविधियों एवं कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण तहसील में करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित होते हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों का निराकरण तहसील स्तर पर ही किया जाए ताकि नागरिकों को जनसुनवाई में न आना पड़े।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने गणेश विसर्जन को दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारियों को विसर्जन घाटों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने घाटों पर लाइटिंग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, क्रेन, नाव, गोताखोर और एसडीआरएफ तथा होमगार्ड जवानों की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि चल समारोह के दौरान यातायात एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी त्योहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखें। इसके लिए पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा, कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय सहित सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

**राजस्व अधिकारी में ई-ऑफिस प्रणाली से संपादित करें अपने कार्य :** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी सभी कार्यों में ई ऑफिस प्रणाली का उपयोग किया जाए, ताकि ई-ऑफिस के माध्यम से तहसीलों में राजस्व संबंधी कामकाज को सरल, प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी सभी कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों को ई-ऑफिस प्रणाली में करने से समय की बचत होगी और तुरंत आदेश निर्देश जारी किए जा सकेंगे तथा प्रकरणों की निराकरण भी समय सीमा में हो सकेगा।

### निजी फीजियोथेरेपी केंद्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। उपचार्यगृह तथा रजोउपचार्य संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के प्रावधान अनुसार सुनिश्चित किया जाये ।

### डोल ग्यारस पर भजन स्पर्धा का आयोजन

# नगर भ्रमण पर निकले भगवान, मंडी क्षेत्र में निकले भगवान के विमान, श्रद्धालुओं ने की पूजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में भव्य महा आरती, 56 भोग प्रसादी और भजन स्पर्धा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संरक्षक राहुल सिंह, संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत महा आरती से हुई, जिसमें भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद उन्हें 56 भोग प्रसादी का वितरण किया गया। भजन स्पर्धा में केन्द्र की ओर से पंडित सुनील पाराशर, सुशील त्रिवेदी, शिवराज वर्मा आदि शामिल थे। जिन्होंने भगवान खाटू श्याम सहित अन्य के भजनों का गायन किया। भजन स्पर्धा के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल छाया रहा और सभी उपस्थित लोगों ने भजन गाकर भगवान गणेश की पूजा की। संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि इस तिथि पर भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप बाल-गोपाल को एक डोल में विराजित कर शोभा यात्रा निकाली जाती है। इसलिए इसे डोल ग्यारस कहा जाता है। कृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जलवा पूजन किया था। इसी दिन को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है। जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण को डोल में बिठाकर तरह-तरह की झांकी के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाले जाते हैं।

### मंडी क्षेत्र में निकाले भगवान के विमान, श्रद्धालुओं ने की पूजा



डोल ग्यारस पर्व शहर में धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान निकाले गए, जिनमें भगवान की झांकियों को सजाकर नगर भ्रमण कराया गया। मंडी क्षेत्र में बड़ा मंदिर, छोटे मंदिर और एमसीबी रोड स्थित लोधी मोहल्ला मंदिर के विमान एकत्र हुए। इसके बाद सभी मंदिरों से बने डोलों को मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाला गया। डोल यात्रा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं ने मार्ग में खड़े होकर पूजा-अर्चना की। जगह-जगह भक्तों ने आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। श्रद्धालु हाथी-घोड़ा पालकी का जयकारा लगाते हुए यात्रा के साथ चलते रहे। पूरे शहर में उत्सव और मेले जैसा माहौल बन गया। डोल ग्यारस के अवसर पर श्रद्धा और आस्था की छटा चारों ओर बिखरी रही। भगवान के विमानो का पोस्ट ऑफिस रोड आजाद क्लब गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य रूप से स्वागत किया।

# ट्राली चोरी केआरोपी को नर्मदापुरम के पिपरिया से किया गया गिरफ्तार

### एक ट्रैक्टर व चोरी की हुई ट्राली, 5.5 लाख रुपए का सामान जब्त



**भैरुंदा।** 1 सितंबर को फरियादी इमरान खान पिता फजल उद्दीन उम्र 34 साल निवासी रायसाहब कालेज के सामनें भोपाल रोड राला ने रिपोर्ट किया कि वह ट्रॉली बनाने का काम करता है। दिनांक 26, 27.08.25 की रात को कोई अज्ञात आरोपी उसके घर के साईड में खडी ट्राली को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक – 480/2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा घटना की सूचना उपरांत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अपराध क्रमांक 480/25 धारा – 303(2) बीएनएस के अज्ञात आरोपी तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व तकनीकी सहायता प्राप्त की जिसके परिणाम स्वरुप आरोपी विक्रम पिता श्रीराम बारेला उम्र 24 साल निवासी गुराडी थाना इछावर को दिनाँक 2.9.25 को खापरखेड़ा पिपरिया से गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के कब्जे से चोरी की गई ट्रॉली कीमत 1.5 लाख और चोरी करने में प्रयोग किए टेक्ट्रर कीमत 4 लाख कुल करीबन 5.5 लाख रुपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी विक्रम बारेला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल दाखिल कराया गया। आरोपी द्वारा चोरी की ट्रॉली को पहचान छिपाने के लिए पेंट कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर योजना भर्ती के लिए पंजीकरण

**सीहोर।** भारतीय सेना के लिए अग्निवीर योजना के माध्यम से स्वयंसेवी उम्मीदवारों का चयन 2021 में शुरू हुआ। अग्निवीर चपन प्रणाली में एक बड़ा नीतिगत बदलाव यह है कि ऑनलाइन मोड में आयोजित होने वाली सामान्य प्रवेश परीक्षा को पहले फिल्टर किया गया है, जबकि पुरानी प्रणाली के अनुसार पहले शारीरिक परीक्षा आयोजित की जाती थी। ऐसा यह सुनिश्झित करने के उद्देश्य से किया गया है कि चयनित अग्निवीरों के पास भारतीय सेना में शामिल की जा रही नई हथियार प्रणाली की तकनीक को आत्मसात करने के लिए पर्याप्त ज्ञान का स्तर हो। अग्निवीरभर्ती वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकरण के लिए प्रचारप्रसार किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे पहले उबालें, साफ कपड़े से छानें अथवा क्लोरीन की गोली डालें और कम से कम एक घंटे के बाद उसका सेवन करें। खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोना अत्यंत आवश्यक है। यह सरल आदत कई रोगों से बचाव में सहायक होती है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि सदैव ताजा पका हुआ भोजन एवं स्वच्छ खाद्य वस्तुओं का ही सेवन करें।

### ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन आंमित्रत

**सीहोर।** ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, श्रेडर/मल्चर, जीरो टिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, बेलर, हे रेक, स्ट्रॉ रेक एवं स्लेशर यत्रों के आवेदन 02 सितम्बर से आंमित्रत किये जा रहे है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारण किया जावेगा एव पृथक से लॉटरी की सूचना प्रकाशित की जावेगी। आवेदन के साथ कृषक स्वयं के बैंक खाते से कृषि यंत्र हैप्पी सीडर के लिए राशि रु. 4500/- का डिमांड फ्ट (डीडी), कृषि यंत्र सुपर सीडर हेतु राशि रु. 4500/- का डिमाड फ्ट (डीडी), कृषि यंत्र स्मार्ट सीडर हेतु राशि रु. 4500/- का डिमांड फ्ट (डीडी), कृषि यत्र श्रेडर/मल्चर हेतु राशि रु. 5500/- का डिमाड ड्राफ्ट (डीडी),कृषि यंत्र जीरो टिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल के लिए राशि 3000/- का डिमाड ड्राफ्ट (डीडी),, डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) सम्बंधित जिले के सहायक कृषि यंत्री (देखने हेतु क्लिक करें) के नाम से बनवाकर जमा करना निवार्य होगा। धरोहर राशि के बिना आवेदन मान्य नहीं किया जायेगा।

## हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के लगाए जय घोष

# ढोल में सवार होकर भगवान लड्डू गोपाल ने किया अंचल का भ्रमण

दो डोल तैयार किए गए थे। महिलाओं के द्वारा मां यशोदा की पूजा-अर्चना कर उनकी गोद भराई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा/राला

भादों मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी पर डोल की झांकी सजाकर शहर के मंदिरों से डोल निकाले गए। जो कि प्रमुख मार्गों से निकलते हुए पुनः मंदिरों में पहुंचे। डोल में विराजमान भगवान कृष्ण का जगह जगह महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

शहर के मंदिरों से डोल निकाले गए जो कि प्रमुख मार्गों से होते हुए। डोल के आगे तरह तरह की झांकियां सजाई गई थी वही नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य भी चल रहे थे। कई डोल में अखाड़े भी चलते रहे, सुरक्षा की दृष्टि से भैरूंदा थाना पुलिस बल तैनात किया गया था। यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गया।

**विमान में सवार होकर निकले श्री कृष्ण, भक्तों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत:** डोल ग्यारस पर्व भक्तिभाव से शहर के मंदिरों में धूमधाम के साथ विमान डोल निकाले गए। विमान के साथ चल रहे श्रद्धालु जयघोष करते हुए कह रहे थे। जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी, नगर भ्रमण के बाद के उपरांत भगवान के डोल वापस मंदिरों में पहुंचे। गली में जयघोष हो रहे थे।

**चौक-चौराहों पर हुई पूजा अर्चना हाथी घोड़ा पालकी,जय कन्हैया लाल की लगाए जय घोष :** ग्राम नारायणपुरा में डोल ग्यारस पर्व पर राम मंदिर से गांव भ्रमण पर निकले माता यशोदा एवं उनके पुत्र कन्हैया की जगह जगह पूजा अर्चना हुई। ग्राम के श्रद्धालु ग्रामवासियों ने विमान के समक्ष आकर पूजा अर्चना की। ग्रामवासियों ने अपने घर के सामने से निकल रहे विमान में विराजमान भगवान श्रीकृष्ण एवं माता यशोदा के दर्शन कर आरती उतारी। वहीं भक्तों श्रद्धालुओं ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जय घोष भी लगाएं

### भक्तों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

मंदिरों से निकलकर मुख्य मार्गों पर आए विमानों पर चौक चोराहों पर श्रद्धालुओं भक्तगणों ने पुष्प की वर्षा कर भगवान आनंद कंद मुरली मुकुंद के जयकारे लगाए श्रद्धालु भक्तों ने अपने कंघों पर लिए विमान चल रहे थे। पूर्व में कंधे पर लेकर श्रद्धालु विमान निकालते थे गिने चुने विमान ही कंधे पर निकलते हैं। लोगों ने बताया कि विमान के नीचे से निकलना शुभ होता है।

विमान निकलने के दौरान कई लोगों ने विमान में विराजित भगवान को फल में केले तथा ककड़ी अर्पित किया। पालकी की पालकी जय कन्हैया लाल की के उद्घोष के साथ ग्राम राला शाहिद आसपास के गांव में डोल ग्यारस का पर्व उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लड्डू गोपाल ने ढोल में बैठकर गांव की गलियों का भ्रमण किया। ग्राम राला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दो डोल तैयार किए गए थे। जिन्हें प्राचीन श्री राम मंदिर में रखा गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा मां यशोदा की पूजा-अर्चना कर उनकी गोद भराई की गई।

इस दौरान श्री राम जानकी मंदिर से डोलो का चल समारोह भी निकाला गया। जिसमें ग्रामीण जनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। चल समारोह का समापन गांव से बहने वाली नदी पर हुआ। तत्पश्चात डॉल की पूजा अर्चना कर यहां पर भव्य आरती की गई।



### नगर भ्रमण पर निकले भगवान, डोल ग्यारस पर निकला चल समारोह



**बुधनी।** बुधवार को डोल ग्यारस के पर्व पर स्थानीय हनुमान मंदिर से चल समारोह निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि हिंदू उत्सव समिति के मार्गदर्शन में मोनी बाबा ट्रस्ट द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय हनुमान मंदिर पर डोल की पूजा अर्चना की गई इसके बाद नगर में चल समारोह निकाला गया नगर में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने डोल का पूजन किया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता अर्जुन मालवीय,हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता,रामेश्वर यादव,राजेश पाल, विजय सिंह राजपूत, सत्येंद्र सिंह सिवाच, सुरेंद्र शर्मा,प्रमोद चौहान,पंडित धीरेंद्र तिवारी,गिरीश पांडे, सत्येंद्र शर्मा,लेख राम यादव,मनीष बाजपेई,विनोद शिवहरे,सूरज सिंह राजपूत,पीयूष मालवीय,पंकज जाट राकेश तनेजा,राम मालवीय आदि उपस्थित रहे।






### भगवान गणेश की हो रही आराधना

राला में भगवान श्री गणेश की आराधना की जा रही है। गांव के चौक चौराहे पर भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं विराजमान की गई है जहां पर प्रतिदिन शाम होते ही श्रद्धालुओं के भेद दर्शनों के लिए उमड़ती है। गांव के होली चौक, मोदी चौक, श्री राम मंदिर चौक सहित प्रमुख मार्ग पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन आकर्षक आयोजन किया जा रहे हैं।

## नगर में विराजे गजानन



**सीहोर।** लगान कंपाउंड गंगा आश्रम पर शुभ लाभ मंडल समिति 4 सालों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। समिति अध्यक्ष देवा लोधी



**सीहोर।** नमक चौराहा पर नवयुवक संगठन गणेश उत्सव समिति 2 सालों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। समिति अध्यक्ष पित्रांश अग्रवाल



**सीहोर।** सब्जी मंडी चौराहा पर गणेश उत्सव समिति गणेश उत्सव समिति 8 सालों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। अध्यक्ष हिमांशु राठौर



**सीहोर।** जगदीश मंदिर चौराहा पर भगत सिंह क्लब समिति 65 सालों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। समिति अध्यक्ष शैलू राठौर



**सीहोर।** संजय हार्डवेयर के पास गली में घर मे विराजित मनमोहक गजानंद मूर्ति अध्यक्ष राकेश खत्री।

## आगामी त्योहारों की तैयारियों का लिया जायजा



**भैरुंदा।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक,सीहोर दीपक कुमार शुक्ला सर द्वारा थाना इच्छावर, चौकी लाड़कुई, थाना भैरुन्दा एवं थाना गोपालपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आगामी त्यौहारों डोल ग्यारस,ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्दशी एवं विसर्जन की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ- साथ नगर रक्षा समिति एवं सिविल डिफेंस वॉलंटियर की सेवाएं लिए जाने पर भी विशेष बल दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव, पटवारी, कोटवार व पुलिस बल के माध्यम से उचित व्यवस्था बनाकर शांति पूर्वक श्री गणेश मूर्तीयों का विसर्जन कराया जाएं। इसके साथ ही इच्छावर एवं भैरुन्दा क्षेत्र के विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर उचित प्रकाश व्यवस्था बनाने,गोताखोर, नाव तथा बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी इच्छावर, थाना प्रभारी भैरुन्दा, थाना प्रभारी गोपालपुर व चौकी प्रभारी लाड़कुई को अपराध नियंत्रण और आगामी त्यौहारों को शांति एवं सोहाद्रपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैरुन्दा , तहसीलदार इच्छावर,जनपद सीईओ भैरुन्दा,मुख्य नगर परिषद अधिकारी इच्छावर व भैरुन्दा , थाना प्रभारी इच्छावर, थाना प्रभारी भैरुन्दा, थाना प्रभारी गोपालपुर, चौकी प्रभारी लाड़कुई तथा नगर परिषद इच्छावर व नगर परिषद भैरुन्दा के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## श्री रॉयल गणेश उत्सव समिति और रॉयल एवेन्यू बायपास में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



**सीहोर।** श्री रॉयल गणेश उत्सव समिति एवं रॉयल एवेन्यू बायपास आष्टा मैं गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है आज श्री रॉयल गणेश उत्सव समिति द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया कॉलोनी वासी ने बताया कि दीपक चौधरी ने बताया कि गया श्री रॉयल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के इन 10 दिनों में प्रतिदिन नए-नए कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भाग लेते हैं जैसे मटकी फोड़ आयोजन, डांस प्रतियोगिता, कबड्डी एवं कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं इस आयोजन में कॉलोनी के सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं भगवान गणेश के इन पावन पर्व के दिनों को बड़े ही धूमधाम से श्री रॉयल एवेन्यू कॉलोनी में हर्ष उल्लास के साथ मनाये जाते हैं आज संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन पंचमुखी मानस मंडल के द्वारा किया गया इस आयोजन में प्रतिदिन आष्टा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी उपस्थित होते हैं

### विधायक करेंगे करोड़ों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**सीहोर।** शुक्रवार को विधायक सुदेश राय विधानसभा क्षेत्र के जानपुर बावडिया मगरखेडा,रायपुरा के ग्रामीणों को करोड़ों रूपये लागत के निर्माण कार्यो की बड़ी सौगात देंगे। जनप्रतिनिधियों के द्वारा आयोजित लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रमों में विधायक सुदेश राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुताबिक विधायक सुदेश राय सुबह 11 बजे जानुपर बावडिया में 2.40 करोड़ रुपये लागत की परियोजना 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण करेंगे जिस के बाद मगरखेडा में 5 लाख रुपये से बने श्री हनुमान मंदिर के पास टीनशेड का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे रायपुरा में 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन और 5 लाख रूपये से बने माता मंदिर के टीनशेड, 4 लाख रूपये से बने हरदौल लाला मंदिर टीनशेड और एक लाख पांच हजार से बने राममंदिर चबुतरे का लोकार्पण करेंगे।

## 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया वहीं जिला अपर सत्र न्यायाधीश डॉ वैभव विकास शर्मा ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण,चेक बाउंस, बैंक वसूली,मोटर दुर्घटना दावा,विद्युत चोरी प्रकरण,वैवाहिक विवाद,भूमि अधिग्रहण प्रकरण, सभी प्रकार के सिविल एवं भूमि विवाद के प्रकरण पक्षकारों के मध्य राजीनामा के आधार पर निराकृत किए जाएंगे विद्युत एवं नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कर संपत्ति कर एवं दुकान कर में नियम अनुसार छूट प्रदान की जाएगी बुधवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ वैभव विकास शर्मा की



मौजूदगी में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में नेशनल लोक अदालत न्यायालय में लंबित लिटिगेशन प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाने में सहयोग प्रदान करने तथा लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट1987 की धारा 20 के अंतर्गत निराकृत होने वाले प्री लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सपना शिवहरे,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मिताली पाठक अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कैलाश मालवीय,एसडीओपी रवि शर्मा,जनपद पंचायत के सीईओ दिलीप जैन,सीएमओ संतोष रघुवंशी,रहटी सीएमओ राजेंद्र यादव,थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी,शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान,रहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे, विद्युत वितरण कंपनी जेई यदुराज उईके, अधिवक्ता पवन विजयवर्गीय,चंद्र किशोर यादव,हरनाम सिंह,शशांक तिवारी सुनील दुबे आदि उपस्थित रहे।

**समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य :** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा।

**नाम परिवर्तन जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मैं मंजू बाई कोरकू पत्नि श्री इंदर, निवासी ग्राम विक्रमुपर तहसील खातेगांव, जिला देवास म.प्र.। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटीवश नाम लाली (Lali) दर्ज हो गया है। जबकी मेरी पुत्री का नाम सभी दस्तावेज अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र में वास्तविक नाम सुकन्या पुत्री श्री इंदर सिंह दर्ज है। अतः प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम सुकन्या पुत्री श्री इंदर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावे। सर्व साधारण को सूचित होंवे।

भवदीय, **मंजू बाई कोरकू** पत्नि श्री इंदर, निवासी ग्राम विक्रमुपर तहसील खातेगांव, जिला देवास म.प्र.।

डमी एडमिशन पर कार्रवाई जरूरी, कम पैसों में निजी व सरकारी स्कूल दे रहे प्रवेश

# शिक्षकों के बच्चे ही नहीं दे रहे 11 व 12 की त्रैमासिक व छःमाही परीक्षाएं

## बच्चे इंदौर, कोटा व शहर से बाहर कर रहे कोचिंग, जिले के स्कूलों में बताया जा रहा रेगूलर, जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शिक्षा के नाम पर जब सेटिंग चलने लगे तो फिर सख्त कार्रवाई जरूरी है। जब ईमानदार व मेहनती बच्चों के शिक्षा परिणामों पर चंद चालाक बच्चे साठगांठ से भारी पढ़ जाए तो फिर कार्रवाई जरूरी हो जाती है। डमी एडमिशन ने जिले की स्थिती बिगाड़कर रख दी है। चंद पैसों के लालच में निजी स्कूल एवं सरकारी स्कूल 11वीं एवं 12वीं में बच्चों का डमी प्रवेश ले लेते हैं और फिर वह निश्चित होकर शहर से बाहर अपनी कोचिंग क्लासेस में पढ़ाई करते हैं और यहां स्कूल में बिना परीक्षा दिए भी पास हो जाया करते हैं। इसका खामीयाजा पढ़ाई और मेहनत करने वाले बच्चों पर पढ़ता है जो लगातार मेहनत करने के बाद भी उन चंद डमी बच्चों से पीछे रह जाते हैं। इस पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरत है जिससे शिक्षा जैसे क्षेत्र में सेंध लगाने की कोशिश पर लगाम लगाई जा सके। हालात यह है कि सरकारी शिक्षकों के बच्चे ही डमी प्रवेश लेकर परीक्षा में सम्मलित नहीं हो रहे। इससे पूरे शिक्षा विभाग व उनके जिम्मेदारों पर सवालियां निशान लग जाते हैं।




### इनका कहना है

*हमने उनके अविभावकों को बता दिया है वह जल्दी ही या तो बच्ची को स्कूल लाएंगे नहीं तो प्रायवेट प्रवेश दिया जाएगा।*
**जितेन्द्र सक्सेना,** प्राचार्य खजूरिया शासकीय विद्यालय

### इनका कहना है

*बिल्कुल ऐसे छात्रों एवं प्रवेश देने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की योजना तैयार की जा रही है।*
**दिलीप शर्मा,** बीईओ ब्यावरा

### निजी स्कूल में भी डमी प्रवेशों की है भरमार

यदि निजी स्कूलों में ड़मी प्रवेश की बात करें तो जिले भर में डमी प्रवेश धड़ल्ले से मिल जाएंगे। 11वीं और 12वीं में प्रवेश लेकर बच्चे दूसरे शहरों में अपनी पढ़ाई इस शर्त पर कर रहे हैं कि लोकल स्तर पर उन्हें पास कर दिया जाएगा और उन्हें उपस्थित भी नहीं होना पढ़ेगा। इस तरह शिक्षा के नाम पर जो अवैध व्यापार चल रहा है इस पर प्रशासन को सख्ती करना जरूरी है। यदि जिले भर में प्रशासन कार्रवाई करता है तो कई नामी स्कूल इसकी जद में आएंगे जहां पर डमी प्रवेश मिलेंगे।

### मां और पिता दोनों हैं शिक्षक फिर भी बच्ची का डमी प्रवेश

इसको पद का दुरूप्योग ही कहा जा सकता है कि जब मां मंजूलता दांगी वर्ग 2 की शिक्षक हैं एवं पिता भी भगवतीपुर में शिक्षक हैं फिर भी अपनी बच्ची को इस तरह से डमी प्रवेश दिलवाकर खजुरिया शासकीय विद्यालय से बायोलॉजी करवा रहे हैं जिसमें वह परीक्षाओं में शामिल होना भी जरूरी नहीं होता है।

# अचानक धंसी हाईवे की सड़क, हुआ 2 फीट गहरा गड्ढा, नहीं कराई मरम्मत

## राजगढ़ में दरगाह गेट के ठीक सामने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन द्वारा साल 2016 में ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक करवाया गया एनएच-52 हाईवे का चौड़ीकरण शुरू से घटिया क्वालिटी के चलते विवादों में रहा है। इसे अधिकारियों की लापरवाही या अनदेखी कहें कि शहर से होकर गुजरे बाईपास पर सर्विस रोड तक नहीं बनाई गई है।



इसी बाईपास पर राजगढ़ शहर की सीमा में स्थानीय दरगाह गेट के ठीक सामने हाईवे की सड़क अचानक से धंस जाने से करीब 2 फीट से गहरा गड्डा वहां हो गया। रात्रि के समय धंसी सड़क के कारण हुए गड्डे की टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने पूरे दिन रिपेयरिंग नहीं करवाई। अलबत्ता, आसपास के दुकानदारों ने धंसी हुई सड़क और गड्डे के चारों और पत्थर रख दिए ताकि कोई वाहन दुर्घटना का शिकार न होने पाए। उल्लेखनीय है कि इसी हाईवे के बाईपास के किनारे-किनारे बनी नालियां भी शुरू से अपनी घटिया क्वालिटी के चलते चर्चा का विषय रही हैं। वर्तमान में भी ये नालियां कहीं टूटी हुई हैं तो कहीं-कहीं उनमें कीचड़, मलबा इत्यादि फंसा हुआ है।

### अधिकारी इसलिए नहीं दे पाते ध्यान

दरअसल, उक्त हाईवे की देखरेख की जिम्मेदारी मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की है और इस विभाग का जिले में कोई दफ्तर नहीं है। ऐसे में हाईवे की मरम्मत या अन्य जरूरी कार्यों को टोल वसूल रही कंपनी मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्यान ही नहीं देती है। इस बारिश के मौसम में एनएच-52 पर अनेकों जगहों पर बड़े-बड़े गड्डे हो चुके हैं परन्तु उनकी रिपेयरिंग की तरफ भी अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# लोक अदालत की जागरुकता के लिए वाहन रैली का आयोजन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सारंगपुर द्वारा मंगलवार को वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आगामी 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना एवं लोगों को मिलने वाले लाभों से अवगत कराना रहा। रैली का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश चित्रेंद सिंह सोलंकी, वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश आकांक्षा कत्याल, कनिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश सुश्री अश्विनी गहलोत एवं अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीएस मंडलोई द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। वाहन रैली ने सारंगपुर तहसील के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आमजन को लोक अदालत की उपयोगिता और इसके माध्यम से मिलने वाले न्यायिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सारंगपुर के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता, न्यायालय परिवार के कर्मचारी, नगर पालिका एवं विद्युत मंडल के अधिकारी-कर्मचारी, पक्षकार एवं कोर्ट मुंशीगण उपस्थित रहे।

सीएमओ की पहल से बढ़ेगी पारदर्शिता व सुविधा

# नगर पालिका में अब पीओएस मशीन से होगी कर वसूली

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में राजस्व वसूली को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने नई पहल की है। करदाताओं एवं नागरिकों को भरोसेमंद भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका को भारतीय स्टेट बैंक सारंगपुर द्वारा 25 पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) इलेक्ट्रॉनिक मशीनें उपलब्ध कराई गईं।



सीएमओ सुनहरे ने सोमवार को वसूली कर्मचारियों को यह मशीनें वितरित कीं और उन्हें निर्देश दिए कि कर एवं विभिन्न सेवाओं के शुल्क की अधिक से अधिक वसूली पीओएस मशीनों के माध्यम से की जाए। पीओएस मशीन के जरिए अब नागरिक अपने कर या शुल्क का भुगतान डेबिट, क्रेडिट कार्ड, क्यूआर कोड, यूपीआई, फोन पे, भीम यूपीआई और पेटीएम यूपीआई जैसे माध्यमों से आसानी से कर सकेंगे। इससे उपभोक्ताओं को तत्काल करध्चार्ज स्लिप भी प्राप्त होगी और लेनदेन का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। सीएमओ ने बताया कि इस व्यवस्था से नगर पालिका की राजस्व वसूली लक्ष्य की प्राप्ति में मदद मिलेगी और वसूली प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित व भरोसेमंद बनेगी।

पुलिस थाने सहित निचले इलाकों में जमा हुआ पानी

# बरसात के लगभग 4 माह पूर्ण होने पर मंगलवार को नगर में हुई जोरदार बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्षा ऋतु के चार माह पूर्ण होने वाले हैं लेकिन राजगढ़ जिले में सबसे कम बारिश सारंगपुर क्षेत्र में हुई जो चिंता का कारण बनी हुई थी किंतु मंगलवार को अचानक इंद्र देव की कृपया से चार घंटे लगातार बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया। खेत तालाब कुओं में पानी बढ़ गया वही किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी तो दूसरी और सारंगपुर के निचले इलाकों में पानी निकासी सही नहीं होने के कारण जल जमाओ हो गया, इसका नजारा हमारे संवाददाता ने अपने कैमरे में कैद किया मुख्य रूप से एसडीओपी कार्यालय थाना परिसर, अस्पताल रोड़, भेरू दरवाजा, कीड़ी खरिया की निचली बस्तीयो में बारिश का पानी जमा हो गया। गनीमत रही कि बारिश रुक रुक कर होने लगी अन्यथा कई घरों में पानी भरा सकता था। हालांकि नगर पालिका प्रशासन सतर्क दिखाई दिया, वही बरसात का मौसम देखते हुए लगातार सफाई अभियान भी चला रखा था। अगर समय पर ध्यान नहीं दिया जाता तो सोमवार की बारिश सारंगपुर के निचले इलाकों वालों के लिए आफत की बरसात हो जाती और प्रशासन को भी ऊंचा नीचा देखना पड़ता फिर भी नगर पालिका प्रशासन को जल जमाओ इलाके में और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



# टीबी मुक्त अभियान के तहत आयुष अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**राजगढ़।** स्थानीय पाटन रोड स्थित जिला आयुष अधिकारी कार्यालय में मंगलवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला क्षय अधिकारी डॉ. राजीव हरिऔध ने उक्त अभियान के तहत स्क्रीनिंग, एक्स-रे टेस्टिंग, नॉट टेस्टिंग, निक्षय मित्र, फूड बॉस्केट, निक्षय पोषण आहार योजना, टीपीटी, सीवाय टेस्ट, इगरा टेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें जोखिम वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। डीटोओ द्वारा सभी आयुष अधिकारियों से आगृह किया गया कि वे भी टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र बनें और फूड बॉस्केट उन्हें प्रदान करें। इस दौरान एचआईवी कार्यक्रम के तहत भी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरएन गर्ग, डीपीसी कीर्ति सिंह, पीएमडीटी को-ऑर्डिनेटर महेंद्र पहाड़ी, साधना बाथम, कौशल पिपलोटिया सहित अन्य उपस्थित थे।




भाजपा और कांग्रेस के पार्षद सहित आमजन हुए ज्ञापन में शामिल

# उपाध्यक्ष और पार्षद प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर में लंबे समय से नगर परिषद में स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों को पक्षपात पूर्ण रवैया के चलते कार्यों को रोके जाने तथा जन हितैषी विभिन्न मांगों को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विजय शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए तेज बारिश के बीच रघुपति राघव राजा राम की धुन पर भजन गाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा वहीं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।



इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के साथ ही नागरिक भी शामिल रहे। ज्ञापन में मांग की गई हे कि विभिन्न वार्डो में परिषद में स्वीकृत किए गए विकास निर्माण कार्य जल्द शुरू किए जाए। नगर के वार्ड 7 में चार माह के अंदर बनाई गई लाखों की सड़क भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई जगह जगह से सड़क उखाड़ गई आठ इंच की जगह 4 इंच सड़क बनाई गई ठेकेदार और दोषियों पर कार्यवाही की जाए सड़क का पुनः निर्माण कराया जाए। पार्षद प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा नगर आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जनता के टैक्स का रुपया बर्बाद किया जा रहा है। सीसी रोड का स्टीमेट 12 इंच, 8 इंच का होता है पर काम 4 इंच का हो रहा है। भुगतान 12 इंच का कर दिया नगर की सभी सड़के खुद गई है। नगर के मुख्य बाजार की आरसीसी रोड 8 इंच का था पर ठेकेदार ने 4 इंच का बनाया जो चार माह में खुद गया अधिकारियों ने मिलीभगत कर ठेकेदार को 8 इंच का भुगतान कर दिया। वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव किया जा रहा हे कहा रहे हे इन वार्डो के कोई काम नहीं करेंगे।

# शुजालपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल हुई पीला मोजेक से खराब, सरकार से सर्वे की मांग



**शुजालपुर।** कृषि विभाग द्वारा किसानों के हितों के लिए बड़े बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन फिर भी किसान की आर्थिक स्थिति पर कृषि विभाग द्वारा धरातल पर कोई आकंलन नहीं किया गया। शुजालपुर तहसील कालापीपल पोलायकला मोरटा केवडी खाटसुर देवली चिराटया खड़ी उमरसिंगी के किसान अल्पवर्षा के साथ सोयाबीन में पीला मोजेक की मार झेल रहा है। सोयाबीन की लागत अधिक हो जाने से किसान कर्ज के बोझ तले दबा जा रहा है लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सरकार से किसानों ने फसल का सर्वे करा कर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की, ताकि वह अगली फसल की तैयारी कर सकें।

# जिले के 5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में हुआ चयन

## खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व जीत की बधाई दी

**राजगढ़।** संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के 5 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित होने वाले खिलाड़ियों में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, देशराज यादव, सुमित प्रजापति एवं कुश वजर शामिल हैं। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी दिनों में इंदौर में आयोजित की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्रामीण युवा केन्द्र एवं खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर के कोच शुभम राजपूत द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण खिलाड़ियों द्वारा प्राप्त किया जाता हैं। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डावर, जिला कीड़ा अधिकारी महेंद्र शर्मा परमार, संगठन सचिव देवेंद्र सक्सेना, जूडो टीम के दल प्रभारी प्रकाश सिंह तोमर, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकांत त्रिपाठी, युवा समन्वयक राजकुमार प्रजापति, सचिन शर्मा, कल्पना नामदेव आदि द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व जीत की बधाई दी।



### सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में 2 छात्राओं ने मारी बाजी

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कड़ी में गत दिवस सीबीएसई क्लस्टर गेम्स प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद स्कूल राजगढ़ की दो छात्राओं ने जिले का नाम रोशन किया है। अंडर 17 कैटेगरी में हुई 400 मीटर रेस को महज 69 सेकंड में पूर्ण कर रिचा पुत्री निर्भय सिंह मीना ने गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं लांग जंप में छात्रा तुलसी पुत्री दुलीचंद मोगिया ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

जिले की कुल औसत वर्षा से भी ज्यादा हो चुकी है बारिश

# जिले में इस साल सर्वाधिक बारिश ब्यावरा तो सबसे कम सारंगपुर में दर्ज की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इस साल समूचे जिले में मानसून ने मेहरबानी दिखाई है। इस वर्ष 01 जून से आरंभ हुए बारिश के सीजन से अब तक जिले में कुल 1185 मिलीमीटर औसत बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। जबकि, जिले की कुल औसत वर्षा 1100 मिमी है। इस लिहाज से अब तक 85 मिमी बारिश अधिक बारिश जिले में रिकार्ड की जा चुकी है। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगर ब्लॉकवार बात करें तो इस साल अभी तक सर्वाधिक 1957 मिमी बारिश ब्यावरा तो सबसे कम 660.6 मिमी बारिश सारंगपुर में रिकार्ड की गई है। अगर गत वर्ष की लिहाज से बात करें तो साल 2024 में 02 सितंबर तक कुल 972 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई थी। हालांकि, कभी रुक-रुककर तो कभी मूसलाधार रूप से हो रही इस बारिश के कारण जिले में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी खासा ईजाफा हुआ है। जिला अस्पताल की ओपीडी प्रतिदिन 800 से ज्यादा दर्ज की जा रही है जबकि सामान्य दिनों में ओपीडी का आंकड़ा 600 के लगभग हुआ करता है।




### अब तक हुई बारिश

(बारिश के आंकड़े मिलीमीटर में)

| वर्षामापी केंद्र | अब तक बारिश |
|---|---|
| जीरापुर | 1173.0 |
| खिलचीपुर | 1195.6 |
| राजगढ़ | 1069.5 |
| ब्यावरा | 1957.1 |
| नरसिंहगढ़ | 1236.9 |
| सारंगपुर | 660.6 |
| पचोर | 985.8 |

### अब ज्यादा बारिश से फसलों को होगा नुकसान

उधर, किसानों का मानना है कि इसी तरह बारिश चलती रही तो अत्यधिक बारिश के चलते फसलें तबाह होने की नौबत भी आ सकती है। कुछ तहसीलों में तो किसानों के खेत पूरी तरह पानी से लबालब भरे हुए हैं वहीं सोयाबीन के दाने भी पनप नहीं पाए हैं। अगर बारिश का दौर इसी तरह अनवरत जारी रहा तो खड़ी फसलों पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

खबर संक्षेप

## पुलिस अधीक्षक ने आष्टा जावर का किया दौरा

**आष्टा।** पुलिस अधीक्षक ने थाना आष्टा और थाना जावर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आगामी त्यौहारों डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी, मिलादुन्नबी व विसर्जन की तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना आष्टा क्षेत्र अंतर्गत चौकी बड़ा बाजार पर 10 पुलिस बल उपलब्ध कराए गए। थाना क्षेत्र की पुरानी चौकी को पुनः स्थापित करते हुए बल भी प्रदान किया। जिससे आष्टा नगर में बेहतर कानून व्यवस्था स्थापित हो सके। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने चौकी का निरीक्षण किया तथा थाना प्रभारी को चौकी संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ नगर रक्षा समिति व सिविल डिफेंस वॉलंटियर की सेवाएं लिए जाने पर भी विशेष बल दिया। इसके साथ ही आष्टा, जावर क्षेत्र के विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर उचित प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर, नाव तथा बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना जावर का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर बेहतर रिकॉर्ड संधारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर थाना स्टाफ को नई तकनीकों जैसे ई-प्रॉसीक्यूशन, आईसीजेएस एवं अन्य आधुनिक प्रणालियों के उपयोग संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। थाना प्रभारियोंको अपराध नियंत्रण और आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न कराने निर्देश दिए।

### विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीण

# गांव में अवैध शराब बिक्री और डीजे बंद करने का जनसुनाई में दिया आवेदन

जनसुनवाई में आए नागरिकों की सुनी समस्याए, निराकरण के दिए निर्देश।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम पंचायत दुपड़िया,रसूलपुरा,सामरीबोंदा ग्राम पंचायत सहित अन्य ग्रामो से बड़ी संख्या में आये ग्रामीणों ने आज विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुच कर ग्राम की समस्याओं,मांगों एवं लिये गये जनहितकारी निर्णयों से अवगत कराया। ग्राम पंचायत दुपड़िया के घनश्याम सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम की शराब दुकान बंद करने,सामुदायिक भवन बनवाने,पानी की टंकी का निर्माण,नवीन हैंडपंप लगवाने सहित अन्य मांग की, वही ग्राम पंचायत रसूलपुरा के सरपंच सजनसिंह मेवाडा ने विधायक जी को अवगत कराया कि पंचायत की बैठक में निर्णय हुआ है कि अब ग्राम रसूलपुरा एवं कासमपुरा में शराब की बिक्री एवं शादी विवाह व अन्य कार्यक्रमो में डीजे पर प्रतिबंध लगाया है,जो परिवार निर्णय का उल्लंघन करेगा उस पर 51 हजार का जुर्माना रखा गया है,उक्त निर्णय का पत्र विधायक को जनसुनवाई में सौपा गया।

वही हल्का नम्बर 42 के किसानों को बीमा नही मिलने,खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराने की भी मांग की गई। वही सामरीबोंदा,उमरदड के ग्रामीणों ने सरपंच राकेश सिसोदिया के नेतृत्व में सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की। रसूलपुरा के ग्रामीणोंजनों को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने लिये निर्णय की प्रशंसा कर शुभकामनाएं दी,एवं की गई मांगों को भी पूर्ण करने का भरोसा दिया। जनसुनवाई में कई ग्रामो से ग्रामीण विधायक कार्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में पहुचे। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। जनसुनवाई में आए आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में हाईटेंशन लाईन का स्थान परिर्वतन कराने,अनुकंपा नियुक्ति कराने,सामरदा में विद्युत तार चोरी हो गये है उस संबंध में पुलिस द्वारा अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं करने,प्रसूति उपरांत दी जाने वाली राशि प्रदाय कराये जाने,रामदेव जी महाराज का मंदिर निर्माण कराने,कोठरी में देव महाराज इमली वाले रास्ते पर पुलिया निर्माण, रसूलसपुरा, लसुड़िया पार में सोयाबीन की फसल खराब होने पर सर्वे कराने, आर्थिक सहायता प्रदाय कराने,विधायक निधि से देवभिलट मंदिर भंवरा में स्टील की जाली निर्माण संबंधी,सामरीबोंदा में बंजारा समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कराने, वार्ड 18 की आंगनबाड़ी की जमीन की बाउंड्री वाल कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिए।

# डोल ग्यारस पर्व पर गांव में निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम सिद्धि गंज में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डोल ग्यारस पर ग्राम के मुख्य मार्ग से डोल बड़े धूमधाम से बैंड बाजे के साथ नाचते गाते व सिद्धि गंज बजरंग अखाड़ा सहित जुलूस मुख्य मार्गो से निकल।जुलूस में सिद्धि गंज बजरंग अखाड़ा के सदस्य द्वारा विभिन्न प्रकार के कर्तव्य दिखाए गए जो आकर्षण का केंद्र बना जिसमें ग्राम के बावड़ी चौक से डोल प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग बड़ा बाजार चमन चौराहा बस स्टैंड पुराना थाना रोड छोटा बाजार बावड़ी चौक खाती मोहल्ला हनुमान मंदिर होता हुआ पार्वती नदी पहुंच ग्राम में जगह-जगह बजरंग अखाड़ों ने नए-नए कर्तव्य दिखाए गए वही डोल पार्वती नदी पहुंचकर डोलो की महा आरती की गई जिसमें समस्त ग्रामीण एवं माता बहने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह के साथ डोल ग्यारस का जुलूस निकाला गया जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# थाना स्टाफ ने भगवान गणेश को लगाया भोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

11 साल से लगातार बायपास चौपाटी पर श्री रिद्धि-सिद्धि गजानंद मंडल द्वारा स्थापना कर गणेशोत्व मनाया जाता है। मंडल के संरक्षक किरण कुमार शर्मा ने बताया कि मंडल अध्यक्ष रमेश प्रजापति के नेतृत्व में कई कार्यक्रम किए। इसी क्रम में पार्वती थाने के टीआई हरिसिंह परमार, एएसआई सुभाष यति, एएसआई, हीरेश सोनी, नितिन वर्मा, दिलीप वर्मा, बरखा परमार, दिनेश आदि ने भगवान श्री गणेश जी का पूजन कर आरती उतारी व आइस्क्रीम का भोग लगाकर प्रसाद वितरण कराया। मंडल की ओर से सभी को साफा बांधकर स्वागत सम्मान अध्यक्ष रमेश प्रजापति, कमल मालवीय, ओमप्रकाश प्रजापति, किरण कुमार शर्मा, राहुल परमाल,अर्जुन प्रजापति, महेश मेवाड़ा, राकेश प्रजापति, जीवनलाल, नीतू परमाल ने किया।

# रामदेव दशमी पर नगर में हुए धार्मिक अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सामाजिक समरसता के प्रतीक, जन-जन के आराध्य, लोकदेवता बाबा रामदेवजी की दशमी के अवसर पर नगर के बाबारामदेव मंदिर में प्रातः से देर रात्रि तक धार्मिक अनुष्ठान, चल समारोह, भंडारे के आयोजन होते रहे। अलीपुर में पार्षद राजकुमार मालवीय की अध्यक्षता में चल समारोह मीरपुरा मंदिर से प्रारंभ हुआ जो ब्लॉक चौराहा पहुंचा।

जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में चल समारोह में शामिल सभी भक्तों एवं समिति सदस्यों का साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। वहीं वार्ड क्रमांक 13 हाथीखाना गल चौराहा बाबा रामदेव समिति द्वारा भगवान की महाआरती कर मानस भवन में भंडारे का आयोजन किया जिसमें नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा साथियों सहित सहभागिता करने पहुंचे और सभी भक्तों को प्रसादी भी परोसी गई। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी एवं बीआरसी रोड़ पर भी बाबा रामदेव जी की दशमी पर धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारे हुए सभी आयोजनों में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा साथियों सहित पहुंचे और समिति सदस्यों का स्वागत सम्मान कर प्रभु की भक्ति की।इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा चल समारोह में शामिल आकर्षक डोल में विराजित भगवान रामदेव बाबा की पूजा-अर्चना की गई।

मेवाड़ा ने सभी भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा रामदेव जी कलयुग के साक्षात देवता है जो सभी की मनोकामना पूर्ण करते है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगर की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रभु से कामना करते हुए कहा कि भगवान रामदेवबाबा ने छुआछूत के खिलाफ काम किया और गरीबों तथा जरूरतमंदों की सेवा की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा कहा कि आज कोई भी क्षैत्र हो मातृशक्तियों की अहम भूमिका रहती है, चाहे धार्मिक आयोजन हो या सामाजिक सभी में महिलाएं अग्रणी रहती है।

महिलाओं के बढ़ते कद का ही परिणाम है कि नगर में जहां महिला नपाध्यक्ष है तो देश के सर्वोच्च पद पर द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही है। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम, पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, डॉ. सलीम खान, तेजसिंह राठौर, अतीक कुरैशी, लखन पाटीदार, कुशलपाल लाला, प्यारे पटेल आदि मौजूद थे।

# भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान कृष्ण को जान से मारने के तमाम प्रयास जब राजा कंस के निष्फल रहे तो उसने राक्षसी पूतना को भेजा। पूतना को यह अभिमान था कि वह जहरीला दूध पिलाकर भगवान को मौत की नींद सुला देगी। हालांकि इसके पीछे भी भगवान का ही वरदान रहा, जिसमें उन्होंने पूतना को राक्षस योनि से मुक्ति दिलाने को कहा था। इस आशीर्वाद का ही असर रहा कि पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, लेकिन भगवान उसका वध कर उद्धार करते हैं। पूतना वासना और माया का प्रतीक हैं। उक्त विचार ग्राम छतरपुर में जारी सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के दौरान जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहे। बुधवार को कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं के अलावा नंद उत्सव का वर्णन किया। भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला अत्यंत ही अनुकरणीय हैं। इनकी बाल लीला से हमें जीवन में आगे बढ़ने की सीख मिलती हैं। गुरुवार को भोपाल लोकसभा सांसद आलोक शर्मा, सीहोर विधानसभा विधायक सुदेश राय सहित अन्य मौजूद रहेंगे। जगदगुरु पंडित श्री पुरोहित ने कहाकि द्वापर युग में राक्षसी एक पूतना थी, जिसनें दूध मुंहे बच्चे कृष्ण के साथ घात किया था, किंतु आज कलयुग में विभिन्न स्वरूपों में पूतना विद्यमान है। आज नारी गर्भावस्था शिशु को मार रही है। इसी मन की कुवृत्ति, स्वभाव का नाम पूतना है। मन में मलिनता आए, मन के बिगड़ने से संपूर्ण जीवन बिगड़ जाता है, यही पूतना का रूप है। बालकों के साथ जो घात करे वही पूतना है। यमुना के पानी को कालिया नाग ने जहर से प्रदूषित कर दिया था, जिसका मर्दन श्रीकृष्ण ने किया।

## संस्कृति स्कूल द्वारा बनाई गणेश जी की आकृति



**आष्टा।** सम्पूर्ण भारत देश मे गणेश चतुर्थी बडे हर्ष उल्लास से मनाई जाती है । इसी पर्व पर संस्क्रति विद्यालय आष्टा के छात्र - छात्राओं द्वारा भगवान गणेश की अनोखी श्रंखला आकृति बनाई गई । जो पूरे देश मे सोशल मीडिया पर चर्चित है । जिसे अब तक सोशल मीडिया पर 20 मिलियन लोग देख चुके है । यह वीडियो आष्टा क्षेत्र का सबसे ज्यादा लोगो द्वारा देखें जाने वाला तथा वायरल वीडियो बन चुका है । भगवान गणेश की श्रंखला आकृति की सभी लोगो ने प्रसंसा व सराहना की । भगवान गणेश की श्रंखला आकृति विद्यालय के उपप्राचार्य महेंद्र सिंह परिहार ने नेतृत्व में बहुत ही अल्प समय मे तैयार की गई । वीडियो वायरल होने की उपलब्धि पर विद्यायल के प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय ने प्रशंसा व्यक्त की एवं वीडयो को इतना प्यार देने वाले सभी व्यक्ति का आभार व्यक्त किया ।

## डोल ग्यारस पर डोल में सवार होकर निकले लड्डू गोपाल



**आष्टा।** बुधवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में डोल ग्यारस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रमुख मार्गों से डोल निकाला गया। जिसकी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शहर के मंदिरों में महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक ने बताया कि हिंदू धर्म में विद्यमान है कि बच्चों के जन्म के बाद जलवायु पूजा की जाती है। इसके लिए सभी सगे संबंधियों, मिलने वाले इष्ट मित्रों को आमंत्रित किया जाता है। भगवान भी इस प्राचीनतम अनुपम प्रथा से अछूते नहीं है। भादों कृष्ण पक्ष अष्टमी को भगवान लड्डू गोपाल ने जन्म लिया। डोल ग्यारस के दिन भगवान की जलवायु पूजन नगर के प्राचीनतम राधा-कृष्ण मंदिर नजरगंज सहित राधा कृष्ण मंदिर राठौर मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर काछीपूरा में धूम-धाम से मनाई गई। संपूर्ण नगर धर्ममय वातावरण में मग्न था। सूर्य के प्रथम प्रभात के साथ ही इस पर्व को मनाने के लिए नगर के सभी धार्मिक स्थलों पर सजावट की गई। दोपहर में भगवान की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई। अनेक मंदिरों के डोल नगर के एक स्थान पर एकत्रित हुए जिनकी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।इस दौरान श्रीकृष्ण मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया था। यज्ञ हवन के बाद भगवान की महाआरती कर डोल सजाकर भगवान कृष्ण को ढोल में सवार कर चल समारोह निकाला गया।

# फसल बीमा के लिए आज किसान करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आज बीमा राशि के संबंध में होने वाले किसान आंदोलन मै शामिल होंगे हजारों किसान संपूर्ण जावर नगर एवं जावर क्षेत्र के लगभग 50 गांव में बीमा राशि के संबंध में किसान परेशान हो रहे हैं कई जगह पर फसल बीमा नहीं मिल पाया है एवं जहां पर भी मिला है।

बीमा के नाम पर बहुत कम राशि किसानों को दी गई है किसान लगातार शासकीय कार्यों के एवं बीमा कंपनियों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे थे तभी किसानों ने 4 सितंबर को किसान आंदोलन करने के लिए कमरकाशी आज गुरुवार को इसीलिए हजारों किसान बीमा राशि न मिलने से नाराज होकर एवं जिन किसानों को बीमा राशि मिली है वह भी नी के बराबर है हजारों की संख्या में किसान एकत्रित होकर तहसील जावर पहुंचेंगे पहले सभी किसान मुख्य बाजार गांधी चौक में एकत्रित होंगे एवं यहां से भारी संख्या में जावर तहसील पहुंचकर के धरना प्रारंभ करेंगे तथा बीमा कंपनी एवं जिम्मेदार अधिकारियों को वहीं बुलाकर के यह स्पष्ट कराया जाएगा कि आखिर गलती कहां हुई है किसानों के साथ ऐसा भेदभाव क्यों किया गया किसान आंदोलन समिति ने यह आवाहन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान आंदोलन का हिस्सा बनकर सत्य की लड़ाई में शामिल हो इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद जावर शैलेश कुमार वैद्य, जावर नगर पटेल धीरेंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, ठाकुर सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, गोलू, पिंटू सिंह पटेल, रतन सिंह ठाकुर, देवकरण सिंह प्रजापति, सुरेंद्र सिंह भाटी, रामू सेठ, कुमेर सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, राजा भाई, विजेंद्र सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह ठाकुर, संदीप शर्मा, सूरज सिंह ठाकुर, अजय सिंह कप्तान, लोकेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रिंकू प्रजापत, हरपाल सिंह, अजय सिंह, कालू, यशवंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सचिन सिंह ,जोगेंद्र सिंह भाटी सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे।

### बाबा रामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर सिद्दिगंज में निकली शोभायात्रा

# बंजारा समाज के लोगों ने अखाड़े में दिखाए हैरत अंगेज करतब





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्रामीणों द्वारा बाबा रामदेव महाराज का जन्मोत्सव व शोभा यात्रा बड़े धूमधाम से निकल गई। बाबा रामदेव जी महाराज की दशमी का त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बंजारा समाज के ग्रामीणों द्वारा जिसमें सामरी व उमडदड, बंजारा समाज के लोगों द्वारा बजरंग अखाड़े सिद्दीकगंज एवं डीजे बाजे के साथ बाबा रामदेव की विशाल शोभायात्रा सुबह 9 बजे सामरी उमरगढ से प्रारंभ हुई जो करीब 1 बजे सिद्धि गंज बगवाई माता मंदिर पहुंची यहां से इंदिरा कॉलोनी, चमन चौराहा,बड़ा बाजार ,पुराना थाना बस स्टैंड होते हुए वापस 5 बजे मंडी परिसर पहुंची जहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

विशाल शोभायात्रा का सिद्धि गंज में मंच लगाकर जगह-जगह पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया शोभा यात्रा का फूलों से जगह-जगह स्वागत किया गया बंजारा समाज के सदस्यों का जगह-जगह साफा बांधकर एवं फूलों की माला पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर , जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर बापचा धाम, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, मंडल अध्यक्ष सरपंच राकेश सिसोदिया, सरपंच अमर सिंह बंजारा, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, लक्ष्मण सिंह, गुलाब सिंह, हजारीलाल, मोतीलाल पटेल, अंतर सिंह, ममतेश गरासिया, तेज सिंह, दायमा, अवतार, दायमा, प्रकाश कच्छावा, मांगीलाल चंदेल, बापू सिंह कच्छावा,कालू सिंह गरासिया, अंतर सिंह, लोकेश कृपाल सिंह मुकेश दरबार अशोक भेरूलाल राहुल विजय महेश रवि लक्ष्मण नीरज हरिप्रसाद राम सिंह राजेश सभी उमडदड़ व समरी ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में माता बहने है उपस्थित रही रामदेव जी महाराज की शोभा यात्रा में बजरंग अखाड़ा द्वारा नए-नए कर्तव्य दिखाए गए जो आकर्षण का केंद्र बना शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों एवं माला के साथ स्वागत किया गया शोभा यात्रा में सिद्धि गंज सहित आसपास के गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और शोभा यात्रा का आनंद लिया गया शोभा यात्रा का भाजपा कार्यकर्ता एवं आदिवासी समाज के कार्यकर्ता महेंद्र सिंह काजले व उनकी टीम एवं सिद्धि गंज व्यापारी द्वारा फूल एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया।